INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
दैनिक
# यूनिक समय
मथुरा से प्रकाशित

RNI-UPHIN/2023/85053

Sweety Supari
INDIA's FAVOURITE
Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-2 | अंक-449 | मथुरा, रविवार, 19 मई 2024 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# गर्मी के मौसम में पानी की बोतल खरीदो तो देखकर...

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** गर्मी का मौसम आते ही पानी के मिलते जुलते कई ब्रांड बाजार में आ गए हैं। जल्दबाजी में ग्राहक समझ नहीं पाता कि उसने कौन सी कंपनी की पानी की बोतल ली। वह दुकानदार को रुपये देकर चलता बनता है। जब उनकी निगाह बोतल पर चिपके लेबल पर पड़ती है तो माथा पकड़ लेता है।

इन दिनों में पानी की बोतल दुकानों पर दिखाई पड़ जाएंगी। इसमें खासकर बिसलेरी जैसे नामी ब्रांड की बोतल को लेकर लोग असमंजस की स्थिति में फंस जाते हैं। इन दिनों बिसलेरी जैसी दिखने वाली नकली पानी की बोतल काफी संख्या में बाजार के बीच उपलब्ध हैं। ग्रामीण परिवेश के हो या शिक्षित लोग इस बोतल को बिसलेरी की समझ 20 रुपए में खरीद रहे हैं, जो कि नामी ब्रांड बिसलेरी की एक नकली कॉपी है। थोक के भाव में मात्र छह रूपए में मिलने वाली नकली बोतल 20 रुपए में बिक रही है।

लोगों की मानें तो कान्हा की नगरी में इन दिनों बिसलेरी से मिलते-जुलते नामों की कई पानी की बोतल बिक रही हैं। ओरिजिनल बिसलेरी की पानी की बोतल बेचने वाले व्यापारी का कहना है कि बिसलेरी की ओरिजिनल बोतल की पहचान उसके ढक्कन पर लगी सील और उसके नाम की मीनिंग से की जा सकती है। ओरिजिनल बोतल के ऊपर के ढक्कन पर भी खुदरे शब्दों में इंग्लिश में बिसलेरी लिखा होता है। नकली बोतलों पर यही नाम बिसलर और बिसरिली देखने को मिलता है। बाजार में पीने के पानी के लिए 'बिसलेरी' का नाम काफी फेमस है, लेकिन अब बाजार में इस नाम की तमाम कॉपी आ चुकी हैं। सोशल मीडिया पर कई ऐसी तस्वीरें वायरल हैं, जिसमें बिसलेरी की कॉपी बेची जा रही है। खास बात है कि सबके नाम में कुछ ना कुछ अंतर जरूर है। बिलसेरी बिसटार बेलसारी जैसे नाम की बोतलें बाजार में बिक रही हैं। आप यदि बिसलेरी की बोतल खरीदने जा रहे हैं तो आपको अपनी आंखें खुली रखनी पड़ेगी। वजह आपके हाथ में पड़ने वाली बोतल बिसलेरी की जगह बिलसेरी बिसटार या बेलसारी भी हो सकती है।



पानी की बोतलों को लेकर सोशल मीडिया पर जारी तस्वीर।

## बिसलेरी पानी से मिलती जुलती कई और बोतल बाजार में

## 20 रुपये में एक लीटर और 15 रुपये में बीस लीटर

**यूनिक समय, मथुरा।** समझ में नहीं आता कि कौन सा पानी शुद्ध है। बिसलेरी की पानी से भरी बोतल 20 रुपये की है। इस बोतल में एक लीटर पानी है, लेकिन स्थानीय पानी के प्लांटों से निकलने वाले पानी से भरी बीस लीटर की बोतल या केम्पर (वाटर कूलर) 15 से 20 रुपये में मिलता है। अब हिसाब लगाइए कि कौन सा पानी शुद्ध है। बीस रुपये में एक लीटर वाला अथवा 15 से 20 रुपये में बीस लीटर मिलने वाला पानी।

### प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया

# ठा.बांके बिहारी मंदिर में संदिग्ध दो युवक दबोचे

संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** विश्वविख्यात ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में निजी सुरक्षा कर्मियों ने दो युवकों को संदिग्धावस्था में पकड़ा हैं। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। इलाका पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह मंदिर में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ थी। इस बीच मंदिर के निजी सुरक्षा कर्मियों को भीड़ के बीच में दो युवक संदिग्धावस्था में खड़े दिखाई दिए। इस पर सतर्कता बरतते हुए दोनों युवकों को दबोच कर मंदिर के कंट्रोल रूम में ले जाया गया। पूछताछ में युवकों ने चौंकाने वाली बात बताई। पकड़े गए युवक इंतजार उर्फ गोलू पुत्र अबरार की दोस्ती फेसबुक के जरिए करीब चार साल पहले लखनऊ की रहने वाली हिन्दू युवती से हुई थी। यह युवती लगातार ठाकुर बांके बिहारी मंदिर दर्शन करने आती हैं। युवक के अनुसार बातचीत में युवती ने उससे कहा कि पहले वह ठाकुर बांके बिहारी महाराज के दर्शन करने जाए। इंतजार के अनुसार युवती के कहने पर वह अपने साथी राजा पुत्र फहीम के साथ वृंदावन में दर्शन के लिए आया था। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से तीन पर्स बरामद किए हैं। बहरहाल पुलिस ने दोनों युवकों के मोबाइल फोन जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए युवक जेबकट भी हो सकते हैं। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।


ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में पकड़े संदिग्ध दो युवक पुलिस की गिरफ्त में।

## पुलिस कर रही है कई एंगल से जांच

## हिंदू युवती के कहने पर दर्शन करने आया दोस्त के साथ

### आगरा में इनकम टैक्स के छापों का असर मथुरा में

# नए धनाढ्य बने व्यापारी टेंशन में

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** आगरा में कल तीन जूता व्यापारियों के यहां आयकर छापों की चर्चा आज मथुरा के व्यापारियों के बीच होती सुनाई दी। छापे में एक जूता व्यापारी के यहां से मिले करोड़ों रुपये की नकदी से हर कोई हैरान रह गया। इस व्यापारी के बारे में बताया जाता है कि उसकी हींग की मंडी में छोटी सी दुकान थी और उसने हाल ही में शाहगंज क्षेत्र में कई करोड़ रुपये की आलीशान कोठी खरीदी थी। इस कारण से जूता कारोबारी आयकर अधिकारियों की नजर में शायद चढ़ गया।

खैर, कुछ भी हो, आगरा में आयकर छापे की चर्चा मथुरा के कारोबारियों के बीच होना चिंता का कारण हो सकता है। यह कयास लगाए जा रहे हैं कि कही आयकर अधिकारी मथुरा के नए धनाढ्य लोगों की कुंडली तो नहीं खंगाल रहे हैं। चर्चा यह है कि मथुरा में भी आगरा के जूता कारोबारी की तरह से कई व्यापारी भी कारोबार कर अच्छी इनकम कर रहे है। उसकी लिखापढ़ी कहीं नहीं है। आगरा में जूता कारोबारी के यहां से बरामद करोड़ों रुपये की गिनती करते-करते मशीन भी गर्म होने लग गई थी। शनिवार से प्रारंभ हुई कार्रवाई रविवार को भी जारी रहने की खबर है।

## कहीं जूता कारोबारी की तरह उनका भी नंबर न आ जाए

**निरीक्षण** | बरसाना में रोप वे कार्य प्रगति पर

# राधारानी मंदिर के 11 स्थानों पर आरओ प्लांट लगेंगे

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, बरसाना (मथुरा)।** रविवार को दोपहर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ व विप्रा उपाध्यक्ष एसवी सिंह व एमवीडीए के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी पत्रकारों के दल के साथ बरसाना में पहुंचे। कहा कि कमिश्नर ऋतु माहेश्वरी की मंशा है कि ब्रज के तीर्थ स्थल बरसाना को विकसित किया जाए। उनके निर्देश पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद व एमवीडीए दोनों मिलकर प्रयासरत हैं। उन्होंने यहां बरसाना में पीपीपी मॉडल पर बन रहे रोप वे का निरीक्षण किया। उसके बाद दोनों अधिकारियों ने लाडलीजी मंदिर में राधा जी के दर्शन किए। साथ ही मंदिर के गर्भगृह की चौखट पर माथा टेक कर मनौती मांगी।

विप्रा उपाध्यक्ष ने पत्रकारों के दल को बताया कि बरसाना में आने वाले श्रद्धालुओं को धूप व वर्षा से बचाने के लिए सभी रास्तों पर टिन शेड की व्यवस्था की जा रही है। मंदिर के रास्तों पर 11 स्थान चिन्हित किए गए हैं। इन पर वाटर कूलर, आरओ प्लांट, शौचालय बाथरूम, विश्राम स्थल आदि की व्यवस्था की जाएगी। इसके कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जाएंगे। इसके गोवर्धन ड्रेन को ढका जाएगा। ऊंचागांव के दूसरे रास्ते को बनाया जाएगा। राधा बाग के समीप उस पर पुल का का निर्माण किया जाएगा। यहां अन्य कार्य विचाराधीन है। उन पर शीघ्र कार्य योजना तैयार हो रही है। विप्रा उपाध्यक्ष ने बताया कि बरसाना के रोप वे का कार्य प्रगति पर है। अब इसका 20-25 दिन में लोड का ट्रायल होगा। उसके सफल होने पर इसको यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चालू करा दिया जाएगा। यहां के बाद विप्रा उपाध्यक्ष व सचिव दोनों गहवरवन रमेश बाबा महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे।

उनके साथ विप्रा जेई सर्वेश गुप्ता, भाजपा नेता संजय गोविल, गीता शोध संस्थान के कोर्डीनेटर सीपी सिकरवार, रामकुमार रोतेला एवं श्याम सिंह आदि थे।


पत्रकारों के दल को रोप वे निर्माण कार्य दिखाते उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह एवं विप्रा सचिव अरविन्द कुमार द्विवेदी।

## श्रद्धालुओं को धूप और बारिश से बचाने को टिन शेड लगेंगे

## शौचालय व बाथरूम बनेंगे



### चलो जी.. चलो जी वृंदावन, बांकेबिहारी के दर्शन करि आवें

# एकादशी पर बांकेबिहारी मंदिर में भीड़ उमड़ी


वृंदावन की परिक्रमा लगाने वाले श्रद्धालुओं की अटल्ला चुंगी चौराहा पर भीड़ की तस्वीर।

## बढ़ते तापमान में आस्था के सागर में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** चलो जी.. चलो जी वृंदावन, बांकेबिहारी के दर्शन करि आवें। कुछ इसी भाव के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु वृंदावन पहुंच रहे हैं। शनिवार-रविवार हो या एकादशी, अमावस्या अथवा पूर्णिमा के अलावा कोई बड़ा पर्व। श्रद्धालुओं की आस्था ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के प्रति इतनी उमड़ रही है कि उनकी आस्था के आगे 46 डिग्री सेल्सियस तापमान भी बेअसर है।

रविवार को एकादशी पर ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक थी कि धक्का-मुक्की के साथ वह दर्शन करने के लिए कदम बढ़ाते हुए आगे चल रहे थे। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के आंगन में पहुंचते ही श्रद्धालुओं को फूल बंगला के बीच एक अलग ही अनुभूति होती थी। फूलों की महक और पंखों की हवा के बीच वह अपनी थकान को भूल जाते थे और फूल बंगले में विराजमान ठाकुर बांकेबिहारी महाराज की मनोहारी छवि को निहारते रह जाते और वह ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के जयकारे लगाते हुए भक्ति के सागर में डुबकी लगाते-लगाते खो जाते। विद्यापीठ से लेकर मंदिर की गली तक श्रद्धालु कदम बढ़ाते हुए चल रहे थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और निजी सिक्योरिटी के जवान भी तैनात थे।

## परिक्रमा देने वालों पर धूप का असर नहीं

**यूनिक समय, वृंदावन।** एकादशी पर वृंदावन की परिक्रमा देने वाले श्रद्धालु सुबह से ही निकल पड़े। रास्ते भर कहीं पानी पिलाने वाले मौजूद थे तो कही शर्बत पिलाने वाले। देखने वाली बात तो यह थी कि श्रद्धालु नंगे पैर परिक्रमा दे रहे थे। उनको न तो गर्म सड़क का अहसास हो रहा था और न आसमान से बरसती दहकते सूरज की धूप का। किसी ने गर्मी से परेशान होकर उफ तक नहीं की। वह तो भगवान की भक्ति में डूबे हुए थे। अटल्ला चुंगी और रमणरेती पुलिस चौकी चौराहा पर श्रद्धालुओं को निकालने के लिए वाहनों को रोका जा रहा था। कहीं कोई हादसा न हो जाए। श्रद्धालु इस बात से भयभीत नजर आ रहे थे कि परिक्रमा मार्ग में बड़े वाहन क्यों चल रहे है। यदि उनकी चपेट में कोई आ गया तो कौन जिम्मेदार होगा।

## वृंदावन में जाम के इलाज की कोई दवा नहीं

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** रविवार और एकादशी पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ और वाहनों के कारण मंदिरों की नगरी में कई जगह जाम के नजारे देखने को मिले। जाम में फंसे लोगों का कहना था कि हर सप्ताह यहां आते हैं, ऐसा न हो कि जाम में न फंसे। शायद प्रशासन के पास इस जाम के इलाज की कोई दवा नहीं है। हैरान करने वाली बात यह थी कि आज एसपी सिटी, सीओ सिटी समेत कई

### अफसरों की गाड़ियों के सायरन से सतर्क हो जाती है पुलिस

अधिकारियों की गाड़ियां यहां हॉर्न बजाते हुए दौड़ रही थी। लग रहा था कि वह किसी वीआईपी के साथ चल रहे हों। उनकी गाड़ियों के सायरन बजने की आवाज सुनते ही चौराहा और तिराहे पर खड़ी पुलिस अलर्ट दिखाई देती।



फूल बंगला में विराजमान ठाकुर केशव देव महाराज।

राधारानी ज्वैलर्स
Fair Price Policy
22KT Hallmarked Gold Rate
₹ 6840/gm
24KT Gold Rate
₹ 7462/gm
3% GST Applicable
C-61, Krishna Nagar, Mathura
Mob. : +91 98377 28991

आज की खबरें आज ही पढ़ें
पढ़ते रहिए यूनिक समय
www.uniquesamay.com

## मोहनी एकादशी पर फूल बंगला सजाया

**यूनिक समय, मथुरा।** मोहिनी एकादशी पर प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव महाराज का सेवायत जगदीश गोस्वामी ने पंचामृत अभिषेक किया। भगवान को फूलों की कलियों की पोशाक धारण कराई गई। ठाकुर जी को गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए फूल बंगला सजाकर विशेष आरती की। श्री कृष्णा सामूहिक संकीर्तन मंडल के सदस्य ने ठाकुर जी को भजन सुनाए। सायं को महिला मंडल की उषा गोस्वामी एवं बसंती देवी के नेतृत्व में हरि नाम कीर्तन का आयोजन किया। इस अवसर पर मनमोहन सर्राफ, यशोदा अग्रवाल, ममता अग्रवाल, रेखा, पूनम, मुन्नी देवी, उषा गोस्वामी, सोहनलाल शर्मा, नारायण प्रसाद शर्मा तथा वीके अग्रवाल आदि उपस्थित थे।




### भगवान भास्कर कुछ तो रहम करो

# अब तेज धूप झेलने की और शक्ति नहीं है


गर्मी से बचाव कर जाते लोग।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** रविवार को भी भगवान भास्कर के तल्ख तेवरों के अंगारे आसमान से जमीन पर बरसते रहे।

इन आग के समान अंगारों से लोगों की हालत खराब थी। उन्हे घरों से बाहर निकलने में डर सा लगा रहा था। लोग अब तो भगवान भास्कर से रहम करने की गुहार लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि बैशाख में यह हाल है तो ज्येष्ठ में क्या होगा?

पिछले एक सप्ताह से चल रहे गर्म मौसम के कारण लोग परेशान दिखाई दे रहे हैं। वह इस मौसम में अधिक खाना भी नहीं खा सकते और ना ही किसी को खिला सकते हैं। सिर्फ पानी ही पानी पी सकते हैं। पानी नहीं पिएंगे तो गर्मी मार डालेगी। सुबह 09 से तापमान के बढ़ने का सिलसिला शुरू होता है और सायं पांच-छह बजे तक चलता है। सूर्य ढलने के साथ ही लोगों को कुछ राहत मिलती है, लेकिन रात के तापमान से लोग परेशान रहते हैं। पंखा, कूलर और एसी की हवा ठंडी महसूस नहीं हो रही है। अब तो लोग गर्मी से तौबा करने लगे हैं। बाजार में सन्नाटा बिखरने से व्यापारियों के कारोबार भी प्रभावित हो रहे है। इस समय सिर्फ सायं से लेकर रात की दुकानदारी रह गई है।

युवान CLINIC & DIAGNOSTICS

डॉ. सौरभ सिंह ताल्यान
M.B.B.S., M.D. (Paediatrics)
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक : बृज चिकित्सा संस्थान दरेसी, मथुरा
: IOCL मथुरा रिफाइनरी हॉस्पिटल : AIIMS (Ex Senior Resident)
डॉ. हिमानी दहिया
M.B.B.S., M.D. (Pathology)
पूर्व चिकित्सक : K.D. Medical College, Mathura
: AIIMS (Ex Senior Resident)
• बच्चों के सभी प्रकार के टीकाकरण (वैक्सीनेशन) की सुविधा उपलब्ध ।
• नवजात शिशु से लेकर 18 वर्ष तक के सभी बच्चों की बीमारी का इलाज ।
• खून, पेशाब, हार्मोन्स एवं सभी प्रकार की जाँच रियायती दरों पर।
• घर से सेम्पल लाने की सुविधा उपलब्ध ।
मधु एन्कलेव, पालीखेड़ा, सौंख रोड, मथुरा / मो. 9520033690

# ट्रांसफार्मरों में लग रही आग से बड़े हादसे का खतरा


कोसीकलां में कस्बा पुलिस चौकी के पास रखे ट्रांसफार्मर में लगी आग का नजारा।


गोकुल के रतन चौक में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग की लपटों का नजारा।

- कोसीकलां में ट्रांसफार्मर में लगी आग से मची खलबली
- गोकुल के रतन चौक स्थित विद्युत खंभे में लगी आग
- वृंदावन में पहले दो तीन ट्रांसफार्मरों में लग चुकी है आग
- मथुरा शहर के लोग सकते में, रखरखाव पर नजर रखें


गिरीश पंडित का मानना है कि विद्युत कर्मचारियों की अनदेखी के कारण ट्रांसफार्मरों में आग लगती है। यदि समय-समय पर चेकिंग होती रहे तो आग नहीं लग सकती है। इसके लिए जरूरी है चेकिंग का होना।

प्रमुख संवाददाता


**यूनिक समय, मथुरा।** जगह-जगह रखे ट्रांसफार्मरों में कब आग लग जाए। किसी को पता नहीं होता है। आग लगती है तो आसपास रहने वाले लोग सहम जाते हैं। डर लगता है कि कहीं आग की लपटें उनकी दुकान या मकान तक नहीं पहुंच जाए। वजह विद्युत विभाग ने कई स्थानों पर ट्रांसफार्मरों को रखा है, कि अब उसके आसपास दुकान या घर बन गए हैं। भीषण गर्मी के दौरान ट्रांसफार्मरों में आए दिन लगने वाली आग से मथुरा शहर के लोग भी डरने लगे हैं। आशंका जता रहे हैं कि कहीं ट्रांसफार्मर में लगने वाल आग से कोई बड़ा हादसा न हो जाए।

कोसीकलां के संवाददाता ने बताया है कि पुराना जीटी रोड कस्बा पुलिस चौकी के पास रखे ट्रांसफार्मर में रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे अचानक आग लग गई। इससे कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। ट्रांसफार्मर से आग की लपटें निकलते देख लोगों में खलबली मच गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे फायर सर्विस के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से बाजार में अफरा तफरा मच गई। आग की भंयकर लपटें और धुंआ के गुब्बार से दोनों ओर वाहन जहां के तहां रुक गए। दुकानदार दुकानें खुली छोड़कर भाग गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना दे सप्लाई को बंद कर दिया। जानकारी होने पर फायर सर्विस के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक ट्रांसफार्मर और केबल पूरी तरह जल गईं। गनीमत रही कि ट्रांसफार्मर में धमाका नहीं हुआ, वरना बड़ा हादसा हो सकता है। इससे आसपास की कई दुकानों में काफी नुकसान हो गया होता।

गोकुल के रत्न चौक में विद्युत खंभा में रात को आग लग गई। आग की लपटों को देखकर चेयरमैन संजय दीक्षित समेत लोगों ने पानी और बालू डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, किंतु इलाके की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई। अभी कुछ दिनों पहले वृंदावन में दो ट्रांसफार्मरों में आग लग गई थी। ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटनाओं को लेकर लोग काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि ट्रांसफार्मरों का रख रखाव सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। मथुरा शहर में कई जगह विद्युत खंभे लगे हुए हैं, उनके आसपास तारों के झुंड दिखाई देते हैं। यदि किसी कारण से आग की चिंगारी निकली तो बड़ा हादसा होने में देर नहीं लगेगी।


पदम वर्मा कहते हैं कि गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटना से हमेशा डर बना रहता है। यदि आग लगने के कारण वह फट गया तो उसके अंदर भरा तेल लोगों का अपनी जद में ले सकता है।


ब्रजेश शर्मा का कहना है कि विद्युत अधिकारियों को समय-समय पर शहर हो या कस्बा के ट्रांसफार्मरों की निगरानी रखवानी चाहिए। उसकी क्या स्थिति है। उस पर कितना लोड है। छोटी जानकारी से बड़ी घटना से बच सकते है।



## ब्राह्मण समाज के होनहार और मेधावियों का सम्मान


सम्मानित किए होनहार और मेधावी छात्र-छात्राएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान ने भगवान परशुराम शोभा यात्रा की पूर्व संध्या पर ब्राह्मण समाज के होनहार और मेधावियों का सम्मान किया।

संस्थान के अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा, सचिव नारायण प्रसाद शर्मा, दिवाकर आचार्य, पंकज शर्मा, सुरेंद्र शर्मा मुकुट वाले, पप्पू गौतम, दिलीप पांडे एवं महेंद्र आचार्य ने यूपीएससी में सफलता प्राप्त करने वाली वृंदावन निवासी उदयन शर्मा की सुपुत्री सुरम्या शर्मा, सीजीएल परीक्षा पास कर सी जी ए मैं लेखाधिकारी बनने वाले अमन शर्मा, पेंटिंग के क्षेत्र में भगवान परशुराम की बहुत सुंदर चित्र बनाकर संस्थान को भेंट करने वाली कुमारी वैशाली शर्मा, दिव्यांगों की सहायता करने वाले एमबीए छात्र वैभव शर्मा, छोटी सी उम्र में अपने बाबा की पद चिन्हों पर चलने वाले अपने खर्चे में से विप्र बच्चों की पढ़ाई में सहायता करने वाले सीबीएसई हाई स्कूल छात्र केशव शर्मा को माला, दुशाला, व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता उदयन शर्मा, इंजीनियर जयप्रकाश मैथिल, दीपक शर्मा, दिलीप पांडे तथा विवेक उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## भागवत को सुनने मात्र से कल्याण संभव



प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, राधाकुंड।** राधा माधव मंदिर में व्यास पीठ से भागवताचार्य शिवराज कृष्ण महाराज ने कहा कि ब्रज में कथा सुनने का विशेष महत्व है। राधारानी की कृपा के बिना यह संभव नहीं है। श्रीमद् भागवत कथा कोई साधारण कथा नहीं है। यह सारी व्यथाओं को हरने वाली है। श्रीमद् भागवत कथा को सुनने मात्र से कल्याण हो जाता है। कहा कि गिरिराज जी साक्षात देवता है। भगवान तो प्रेम के भूखे हैं। ब्रज के कण कण में राधा कृष्ण का वास है। गुरु के बिना मनुष्य अधूरा है। गुरु ही परमात्मा से मिलने का रास्ता उपाय सुझाते हैं।

गौ रक्षा जन जागरूकता अभियान के मीडिया प्रभारी उत्तम शर्मा व आचार्य राधावल्लभ पुरोहित ने व्यास पीठ का पूजन किया। इस मौके पर राजकुमार कौशिक, मिथिलेश कौशिक, माला कौशिक, प्रेम किशन शर्मा, अनीता शर्मा एवं गजेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।





| TEST | MARKET RATE | OUR RATE |
|---|---|---|
| NCV 2 Limb | 2500 | 1500 |
| NCV 4 Limb | 4000 | 3000 |
| EMG 2 Limb | 2500 | 1500 |
| EMG 4 Limb | 4000 | 3000 |
| EMG Surface Single Limb | 2000 | 800 |
| EMG Surface Double Limb | 3500 | 1500 |
| Blink Reflex | 4000 | 2500 |
| RNS | 4000 | 2500 |
| BAER | 3000 | 1500 |
| VEP | 3000 | 1500 |
| SSEP | 4000 | 2500 |
| EEG (Routine) | 2000 | 1000 |

## आतंक से परेशान एक हिंदू व्यापारी का फैसला

# दुकान और मकान बेचने को तैयार



सीएफसी चौराहा के निकट मकान और दुकान बिकाऊ का पोस्टर दिखाते हुए राकेश खंडेलवाल।

संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** मथुरा दरवाजा पुलिस चौकी से महज चंद कदमों की दूरी स्थित सीएफसी चौराहे के एक मकान के बाहर लगे बैनर से इलाके में सनसनी फैल गई। इसमें एक समुदाय विशेष के आतंक से त्रस्त होकर मकान और दुकान बेचने की इबारत लिखी थी। लेकिन छानबीन के बाद मामला आपसी विवाद का होने पर लोगों ने राहत की सांस ली है।

बताया जाता है कि सीएफसी चौराहे पर राकेश खंडेलवाल का मकान और आटा चक्की है। राकेश ने रविवार को एक समुदाय विशेष के आतंक से त्रस्त आकर मकान और दुकान बेचने का बैनर लगा दिया, जो इलाके में चर्चा का विषय बन गया। घटना की तह में जाने पर आपसी विवाद निकला। इसी इलाके के रहने वाले फरीद ने बताया कि शुक्रवार को राकेश ने उसके गेहूं को पीसते समय चावल की मिलावट की थी, जिसमें कहासुनी के बाद वह राकेश को पकड़कर मथुरा गेट पुलिस चौकी ले गया था। जिससे क्षुब्ध होकर राकेश ने उस पर झूठे आरोप लगा दिए हैं। इस मामले की जांच इलाका पुलिस कर रही है।

## भाजपा के राज में कृष्ण भक्त पर गुंडा एक्ट


कृष्ण भक्त दिनेश शर्मा पर गुंडा एक्ट लगाने के विरोध में प्रदर्शन करते सनातनी हिंदू।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री कृष्ण जन्म भूमि का केस लड़ रहे दिनेश शर्मा फलाहारी पर गुंडा एक्ट लगाने के विरोध में सीतापुर रोड पर अर्जुनपुरा में हनुमान मंदिर के पास सनातनी हिंदुओं ने इकट्ठे होकर विरोध प्रदर्शन किया। ईश्वर से यही कहा कि सनातनी कृष्ण भक्त दिनेश शर्मा पर भाजपा के राज में इस प्रकार की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अनिल सिंह ने कहा कि दिनेश शर्मा पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई बहुत ही चिंता का विषय है। इसको हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। लखनऊ जिला अध्यक्ष सुधीर वाजपेई ने कहा कि जब भाजपा में योगी मोदी की सरकार है उसके बावजूद भी सनातनी कृष्ण भक्त पर गुंडा एक्ट लगाना बहुत ही दुखद और चिंता का विषय है। जिला प्रभारी अमर सिंह राठौड़ ने कहा कि योगी की

### पुलिस की करतूत से मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे

सरकार में कृष्ण भक्त पर गुंडा एक्ट लगाना पुलिस का एक षड्यंत्र है। गौ सेवा आयोग के जिला प्रभारी एवं चोटी वाले अमित शुक्ला ने कहा कि कृष्ण जन्मभूमि की लड़ाई के लिए जो व्यवधान डाला जा रहा है वह एक मुस्लिम संगठनों का षड्यंत्र भी हो सकता है। जिला प्रचारक लखनऊ बृजेश पाल ने कहा कि आने वाले समय में अयोध्या की तरह मथुरा में भी भगवान श्री कृष्ण का भव्य मंदिर बनेगा। कहा कि मुख्यमंत्री को पुलिस की करतूत से अवगत कराएंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सीतापुर सम्राट सिंह, अनुज सिंह यादव, अशोक कुमार तिवारी, जिला संयोजक राज नारायण शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सौरव विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने अलीगढ़ स्थित हीरालाल बारह सैनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व शिक्षकों से दुर्व्यवहार करने के घटना की निंदा की है। कहा कि संगठन के पदाधिकारी प्रधानाचार्य अर्चना वार्ष्णेय व रवि बाबू के साथ खड़े है। पदाधिकारियों ने घटना में शामिल सभी अभियुक्तों व संरक्षण देने वाले समाज के स्थानीय रसूखदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी भी दी है यदि जल्द ही प्रशासन द्वारा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही नहीं की जाती है तो उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ घटना के विरोध में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा।

## सात दिवसीय वर्ग का आयोजन

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** सरस्वती विद्या मन्दिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य पुनश्चर्या सात दिवसीय वर्ग का आयोजन शुरू हो रहा है। इसका समापन 26 मई को किया जायेगा। इसमें शिक्षा पर विभिन्न मनीषियों व शिक्षा विदों, विश्वविद्यालय के कुलपति, एन.सी.आरटी के अधिकारी, अखिल भारतीय अधिकारी तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनेक मनीषी भाग ले रहे है। यह जानकारी प्रधानाचार्य शशांक तिवारी ने दी।

# बरसाना आने पर राधा रसोई में भोजन खाइए


राधा रसोई में श्रद्धालुओं को खाना खिलाते उप्र बृज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह।

वरिष्ठ संवाददाता

### सीईओ श्याम बहादुर और सचिव अरविंद कुमार ने श्रद्धालुओं को खाना खिलाया

**यूनिक समय, बरसाना।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की मान मंदिर सेवा संस्थान के सहयोग से संचालित राधा रसोई में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर लाभ उठा रहे हैं। आज इस राधा रसोई का ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ तथा विप्रा उपाध्यक्ष एसवी सिंह, डिप्टी सीईओ जेपी पांडेय व मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव अरविद कुमार द्विवेदी ने निरीक्षण किया। सीईओ एसबी सिंह ने संचालन देख रहे कर्मचारियों व स्वयं सेवकों से कहा कि यहां अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन की व्यवस्था कराई जाए। इसके लिए एक व्यक्ति यात्रियों से अनुरोध करने के लिए लाडलीजी मंदिर के रास्ते पर खड़ा किया जाए। यहां दोनों अधिकारियों ने राधाजी के दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन परोसा। भोजन में एकादशी व्रत का फलहार दिया गया। बाद में उन्होंने यही भोजन स्वयं चखा। भोजन करने बाद यात्रियों ने बताया कि यह सरकार और मानमंदिर सेवा संस्थान का सराहनीय प्रयास है। इसका संचालन देख रहे मानमंदिर सेवा संस्थान के स्वयं सेवक हरिपद दास महाराज ने बताया कि राधा रसोई में प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक और शाम को पांच से रात्रि आठ बजे तक भोजन कराया जाता हैं।

## झुग्गी झोंपड़ी में रहने वाले बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण


शैक्षणिक भ्रमण पर गए जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल के बच्चे।

**यूनिक समय, मथुरा।** जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केन्द्रों के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। संस्थापक अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा की अगुवाई में बच्चो को गोवर्धन राधाकुंड बरसाना आदि धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया।

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की सदस्य सीमा शर्मा, कोर्डिनेटर तन्नू चौहान, कुमकुम राजपूत, गौरी राजपूत, निशा राजपूत, झलक चौहान, मोनू राजपूत, पियूष कुमार आदि उपस्थित थी।




## नि :शुल्क प्राथमिक उपचार श्रद्धालु सेवा कैंप

**यूनिक समय, वृन्दावन।** राधा निवास क्षेत्र स्थित श्रीराधा बांके बिहारी हॉस्पिटल में बालाजी सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट, नई दिल्ली की ओर से सेवा कार्यों की श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक एकादशी को संतों, बृजवासियों, भक्तों एवं परिक्रमार्थियों की सेवा के लिए नवीन प्रोजेक्ट श्रद्धालु सेवा कैंप का शुभारंभ किया गया। इसके माध्यम से प्रत्येक एकादशी को लता भवन (परिक्रमा मार्ग) पर सेवा दी जाएगी। कैंप का शुभारंभ संत दिव्य भावानंद महाराज ने किया।

कैंप के अंतर्गत डॉ. गौरव उपाध्याय, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. लता शुक्ला ने 468 रोगियों का परीक्षण व उपचार करके उन्हें निःशुल्क दवायें प्रदान की। इस अवसर पर अखिलेश महाराज, श्याम दुबे, शैलेन्द्र तिवारी, प्रहलाद, विनीत दुबे, अंबरीश पुंडरीक आदि उपस्थित थे। लता भवन के निदेशक डॉ. गुणाकर व हॉस्पिटल प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी ने सभी का आभार जताया।

## परिक्रमा मार्ग में श्री जी प्रसाद सेवा वितरण

यूनिक समय, वृंदावन। श्री राधा कृष्ण सेवार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले परिक्रमा मार्ग में श्री हित वृंदावन रस रीति प्रवर्तक रस वपू वंशी अवतार गोस्वामी श्री हित हरिवंश महाप्रभु के 551 वे प्राकट्य उत्सव पर श्रीजी प्रसाद वितरण सेवा की गई। इस मौके पर श्री राधा कृष्ण सेवार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक हित चंद्रनारायण गौड़, दान बिहारी लाल शर्मा, गोपाल गौड़, जितेंद्र गौतम, चैतन्य शर्मा, मुकेश शर्मा, सुमंत शुक्ला तथा बाबा वृंदावन दास आदि उपस्थित थे।

## स्काउटिंग गाइडिंग जागृत करती है विश्व बन्धुत्व की भावना

प्रमुख संवाददाता


राजीव एकेडमी संस्थान में स्काउट गाइड के पांच दिवसीय शिविर समापन पर अतिथियों के साथ छात्र–छात्राएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी संस्थान में स्काउट गाइड के पांच दिवसीय शिविर का समापन हो गया। जिला मुख्यायुक्त डॉ कमल कौशिक ने कहा कि स्काउट गाइड देश के नागरिकों में विश्व बंधुत्व की भावना विकसित करता है, जिससे समाज में भाई चारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। जिला कमिश्नर स्काउट एडल्ट रिसोर्स डॉ अखिलेश यादव ने कहा कि स्काउट गाइड से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही बच्चों में व्यापक दृष्टिकोण भी पैदा होता है। सभी प्रशिक्षणार्थी अपने कार्यरत स्थल पर बच्चों को स्काउट गाइड की जीवनशैली के बारे में अवश्य अवगत कराएं।

शिविर संचालक लीडर ट्रेनर स्काउट अशोक कुमार सोलंकी ने कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। इसके अलावा सर्व धर्म के प्रति समभाव की भावना जागृत करती है। इस मौके पर प्रवक्ता डॉ. स्नेहलता चतुर्वेदी, डॉ दीन बन्धु समाधिया, डॉ रविकांत, प्रशिक्षक मनोज कुमार रावत, प्रशिक्षिका श्रीमती गुरुप्यारी सत्संगी, संस्थान के प्रवक्ता डॉ. पी वी गोस्वामी, राम अवतार, हीरेन्द्र सिंह, मंजू तथा प्रीती बाला आदि उपस्थित थे। संचालन डॉ दीनबन्धु समाधिया ने किया।



# मथुरा के कई इलाकों में रात भर रही विद्युत गुल

## लोगों की नींद उड़ी, सुबह भी परेशानी हुई

प्रमुख संवाददाता




**यूनिक समय, मथुरा।** भीषण भरी गर्मी हो और बिजली गुल हो जाए तो हालत क्या होगी। कुछ ऐसी हालत का सामना रात को शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को करना पड़ा। रात से लेकर आज दिन भर कई इलाकों में बिजली गुल रही। रविवार होने के कारण कोई भी अधिकारी फोन रिसीव करने को तैयार नहीं हुआ।

रात को न तो आंधी आई और न बारिश। फिर भी शहर के कई इलाकों में विद्युत गुल रही। घर के इनवर्टर भी दम तोड़ने लगे तो लोगों का रात में सोना मुश्किल हो गया। लोगों ने अधिकारियों को फोन करके बिजली गुल होने का कारण जानने की कोशिश की तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। किसी तरह से रात गुजर गयी और दिन निकल आया तो फिर गर्मी के कारण लोग अकुलाने लगे। किसी किसी क्षेत्र में तो विद्युत आपूर्ति सुचारु नहीं हो सकी।

लोगों का कहना है कि शायद अधिकारियों की कॉलोनी में विद्युत गुल नहीं होती है। इसलिए अधिकारियों को परेशानी महसूस नहीं होती है। गर्मी से जूझते लोगों का गुस्सा कभी भी फूट सकता है।

## डेढ़ किलो गांजे के साथ दो लोगों को पकड़ा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** थाना रोड अनाज मंडी के अंदर भातु कॉलोनी की तरफ पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से डेढ किलो गांजा बरामद किया। पुलिस के अनुसार संतोष कुमार, विकास निवासीगण भातु कॉलोनी, कोसीकलां को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर इनके पास से डेढ किलो गांजा मिला। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## नशीले पाउडर के साथ दो दबोचे

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे पुलिस ने दो अभियुक्तों को नशीले पाउडर (अल्प्राजोलम) के समेत गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने होशियार सिंह पुत्र कमल सिंह तथा प्रदीप कुमार पुत्र रामखिलाड़ी निवासी ग्राम धौरेरा थाना जैत को पकड़ा।


उठावनी



नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः।।

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी

श्रीमती शीलादेवी जी

धर्मपत्नी स्व. देवीदास सर्राफ का गोलोकवास दिनाँक 18.05.2024 दिन शनिवार को हो गया है। उठावनी दिनांक 20.05.2024 दिन सोमवार को महिलाओं/पुरुषों की स्थान-अग्रवाटिका, दिल्ली मसानी लिंकरोड, मथुरा पर सायं 4:00 से 5:00 बजे तक होगी।

स्व0 श्रीमती शीलादेवी जी

शोकाकुल

देवर-देवरानी: श्रीमती विशाखा रानी-स्व. गिरधारी लाल (GA), श्रीमती बीना देवी-स्व. गोरधन दास सर्राफ, पुरुषोत्तम दास सर्राफ-किशोरी देवी, अशोक सर्राफ, विनोद कुमार सर्राफ (गुड्डा)-लक्ष्मी देवी, गोपाल दास (घी वाले) आगरा-सुनीता

पौत्र-सजल, नैतिक, पार्थ पौत्री-वैशवी

भतीजेगण: अमित, मुकेश, अमित (सोनू), अतुल, अवनीश, गजनीश, रोहित, अनुज, तनुज, अभिनव, आकाश

धेवता-धेवती: मयंक, रौली, मिताली-अंकित जी (ग्वालियर), शिखा-आदित्य जी (भीलवाड़ा), शुभम, राहुल, रितिक, मोहित, गनिका, प्राणवी, लवीश

पुत्र-पुत्रवधू: शरद-संध्या, संजीव-रंजना

पुत्री-दामाद: सुनीता-अशोक जी (सूरत), ममता-संजय जी (ब्यावर), बबीता-विष्णु प्रकाश जी (किशनगढ़), सरिता-राधे जी (अहमदाबाद)

फर्म-देवीदास शरद कुमार सर्राफ (DSK), मथुरा

Mob.9412281089, 9368104637

मायका पक्ष- बृज वल्लभ सर्राफ, लक्ष्मण मंदिर, भरतपुर


## समीक्षा बैठक में प्रधानाध्यापकों को किया अभिप्रेरित



प्रधानाध्यापकों को अभिप्रेरित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी बल्देव कौशल कुमार।

**यूनिक समय, महावन।** निपुण भारत मिशन अंतर्गत मार्च 2025 से पूर्व विकास खंड बल्देव को निपुण घोषित कराने के दृष्टिगत मई माह की पूर्व निर्धारित खंड शिक्षा अधिकारी-प्रधानाध्यापक मासिक समीक्षा बैठक खंड शिक्षा अधिकारी बल्देव कौशल कुमार की अध्यक्षता में हुई। ब्लॉक संसाधन केंद्र बल्देव सभागार में विकास खंड बल्देव के समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक और टीम एकेडमिक रिसोर्स पर्सन की भागीदारी प्रमुख रही।

बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार ने विद्यालयों में संचालित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानाध्यापकों में सकारात्मक ऊर्जा का संचरण किया।

उन्होंने निपुण भारत मॉनीटरिंग सेंटर के पोर्टल पर निम्न पंक्ति में प्रदर्शित हो रहे विद्यालयों को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों के प्रभावशाली एवं ससमय क्रियान्वयन हेतु अभिप्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह में विकास खंड बल्देव से 50 प्राथमिक विद्यालयों का निपुण आंकलन किया जाना प्रस्तावित है।

## हरिवंश महाप्रभु का हितोत्सव मनाया



वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** वंशी अवतार रसिकाचार्य गोस्वामी श्रीहित हरिवंश चन्द्र महाप्रभु का 551वां का प्राकट्य उत्सव (हितोत्सव) महाप्रभुजी की जन्मभूमि (श्रीजी मंदिर) बाद ग्राम में श्रीमहंत लाडली शरण महाराज के सानिध्य में मनाया। वट वृक्ष पर प्रातः में पद गायन के साथ वंशी का पंचामृत से अभिषेक किया। पंचामृत अभिषेक के बाद समाजियों ने समाज गायन व बधाई गायन किया। मनोज गोस्वामी ने हितोत्सव की बधाइयां भक्तों को लुटाई। देशभर के अलग-अलग राज्यों व विदेश से आए भक्तों ने महाप्रभुजी की जन्मभूमि में 551वें हितोत्सव के साक्षी बनकर अपने-आप को सौभाग्यशाली माना। श्रीजी मंदिर के महंत दम्पत्ति शरण महाराज ने कहा कि महाप्रभुजी के प्राकट्य उत्सव पर महाप्रभुजी का हितोत्सव चालीस दिवसीय मनाया जाता है।

## मथुरा में निकाली भगवान परशुराम की शोभायात्रा



मथुरा में निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा में शामिल विप्रजन।

प्रमुख संवाददाता

### रास्ते भर बरसे फूल, जगह-जगह स्वागत

**यूनिक समय, मथुरा।** परशुराम शोभाायात्रा समिति के बैनर तले आज शहर में भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का रास्ते भर स्वागत किया गया। बाटी वाली कुंज के पास से प्रारम्भ लेकर शोभायात्रा लाल दरवाजा, गुड़हाई बाजार, चौक बाजार, डोरी बाजार, स्वामी घाट, असकुण्डा बाजार, विश्राम बाजार, छत्ता बाजार, होली गेट, कोतवाली रोड, भरतपुर गेट, घौवा मण्डी रामदास से होते हुए डीग गेट द्वारिका पेड़े वाली के पास पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हो गया।

## चोरी की बाइक समेत चोर पकड़ा

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोविन्दनगर पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी बिरला मंदिर पुलिस चौकी प्रभारी अरुण कुमार त्यागी की अगुवाई में टीम ने मुखबिर की सूचना पर सचिन पुत्र रंजीत निवासी सोनी टप्पा, लक्ष्मीनगर थाना जमुनापार को गिरफ्तार किया।



भगत सिंह पार्क से क्षत्रिय समाज की ओर से निकाली गई महाप्रताप राणा की निकाली शोभायात्रा में लोग।

तैयारियां **कमिश्नर की मंशा के अनुरूप एमवीडीए प्लान बनाने में जुटा**

# नगरीय अवस्थापना से होगा बरसाने का विकास

वरिष्ठ संवाददाता



बरसाना में श्रीजी के दर्शन करते विप्रा के उपाध्यक्ष एसबी सिंह, विप्रा सचिव अरविन्द कुमार द्विवेदी आदि।

**यूनिक समय, बरसाना।** मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण अब बरसाना के विकास पर नगरीय अवस्थापना निधि का उपयोग करेगा। कमिश्नर ऋतु माहेश्वरी के निर्देश पर रविवार को बरसाना के विकास का रोड मैप तैयार करने के लिए विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह और सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी ने श्रीजी मंदिर परिसर सहित आसपास के स्थलों का निरीक्षण किया। गहवर वन स्थित माताजी गौशाला परिसर में बन रही लघु टीएफसी का निरीक्षण किया।

उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि कमिश्नर ऋतु माहेश्वरी की मंशा ब्रज के प्रमुख तीर्थ स्थल बरसाना को हेरिटेज सिटी के रूप में विकसित करने की है। उनके निर्देश पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद व एमवीडीए संयुक्त प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि बरसाना में यात्री सुविधाएं और हेरिटेज लुक प्रदान करने के लिए नगरीय अवस्थापना निधि का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गोवर्धन ड्रेन के पास पर्यटन सुविधा केंद्र पर यात्रियों के ठहरने के साथ निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाएगी। इसी प्रकार राधाविहारी इंटर कॉलेज से जुड़े परिसर में भी पर्यटन सुविधा केंद्र बनाया जा रहा है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

विप्रा उपाध्यक्ष और सचिव ने संत रमेश बाबा को बरसाना और आसपास चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। मान मंदिर के सचिव सुनील सिंह ने कुछ सुझाव दिए।

## विद्युत आपूर्ति न मिलने पर वृंदावन और छटीकरा में प्रदर्शन

**यूनिक समय, मथुरा।** तीन दिन से बिजली न होने से क्षुब्ध वृंदावन के किशोरपुरा क्षेत्र के लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि बिजली न मिलने से पानी भी नहीं मिल पा रहा है। उधर, उधर, जैंत क्षेत्र के दो दर्जन लोगों ने विद्युत कम वोल्टेज आने से परेशान होकर छटीकरा बिजली घर पर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि देवीपुरा और बाजना में अघोषित कटौती की जा रही है। मामला बढ़ता देखकर एसएसओ सौदान सिंह ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों को हड़काकर ग्रामीणों को भगा दिया। उधर, राया में

### राया में विद्युत तारों में आग लगने से हड़कंप

रेतिया बाजार में नवदुर्गा मंदिर की गली के समीप विद्युत तारो में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने बड़ा रुप धारण कर लिया। विद्युत खंभा के नीचे एक ज्वैलर्स की दुकान के आगे लगे तिरपाल में आग लग गई। यह तो गनीमत रही कि लोगों के प्रयासों से आग पर काबू पा लिया। वरना आग वाले स्थान के पास कई ज्वैलर्स की दुकान थी। उन तक आग पहुंच जाती तो बड़ी घटना हो जाती।

## केला खाने से शरीर को होते हैं कई अद्भुत फायदे

# जानकर हैरान हो जाएंगे आप!

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए केला किसी रामबाण से कम नहीं है। यह फल सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है और लगभग लोग इसे खाना पसंद करते हैं। इसमें कैल्शियम, सोडियम, फाइबर, विटामिन सी, आयरन जैसे जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह कोलेस्ट्रॉल और फैट फ्री फल माना जाता है। यह फल न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत, त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद होता है। आइए जानते हैं केला खाने से क्या-क्या फायदे होते हैं।



**एनर्जी से भरपूर**

अगर आप रोजाना केले का सेवन करेंगे तो एनर्जी से भरपूर रहेंगे। केले में ग्लूकोज, सुक्रोज और फ्रुक्टोज पाएं जाते हैं, जो शरीर को फैट और कोलेस्ट्रॉल फ्री रखकर एनर्जी से भर देता है।

**वजन घटाने में मददगार**

अगर आप बढ़ते वजन से परेशान है और उसे कम करना चाहते हैं तो केला बहुत फायदेमंद हो सकता है। यह फाइबर का अच्छा सोर्स है और स्टार्च से भी भरपूर है। नाश्ते में केला खाने से काफी देर तक भूख नहीं लगती है और इससे वजन को नियंत्रित किया जा सकता है।

**डायबिटीज**

डायबिटीज के मरीजों के लिए केले का सेवन फायदेमंद होता है। यह फाइबर, विटामिन, स्टार्च, फाइटोकेमिकल्स और एंटीऑक्सीडेंट सहित कई बायोएक्टिव यौगिकों का मिश्रण है। जो टाइप 2 डायबिटीज से लड़ने में मददगार हो सकता है।

**स्ट्रेस**

अगर आप तनाव की समस्या से परेशान हैं तो केले का सेवन कर सकते हैं। इसमें विटामिन बी और पोटेशियम पाया जाता है। जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित कर तनाव को कम कर सकता है।

**कब्ज**

केले में फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। अगर आप कब्ज की समस्या से परेशान हैं तो अपनी डाइट में केला को शामिल करके इससे छुटकारा पा सकते हैं।

**इम्यूनिटी मजबूत बनाने में मददगार**

केले में विटामिन सी पाया जाता है, जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मददगार माना जाता है।




## बिना चूल्हे पर चढ़ाए बनती हैं ये तीन चीजें

# खाकर तेजी से घट सकता है आपका मोटापा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** क्या आप वजन कम करना चाहते हैं लेकिन, एक्सरसाइज और फास्टिंग नहीं करना चाहते। ऐसे में आपको सिर्फ अपनी डाइट पर फोकस करना चाहिए और फाइबर व प्रोटीन से भरपूर फूड्स का सेवन करना चाहिए। दरअसल, फाइबर और प्रोटीन से भरपूर फूड्स ही आपके शरीर में कई फंक्शन को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। ये न सिर्फ हार्मोनल हेल्थ को बेहतर बनाते हैं बल्कि, फाइबर शरीर के मेटाबोलिक रेट को भी तेज करता है और पाचन गतिविधियों को बेहतर बनाता है। तो, आइए, जानते हैं उन फूड्स के बारे में जो वजन घटाने में तेजी से मदद कर सकते हैं।

**स्प्राउट्स का सलाद :** मोटापा कम करने के लिए आप सुबह नाश्ते में कई प्रकार की चीजों को सेवन कर सकते हैं लेकिन, बिना समय लगाए और चूल्हे पर चढ़ाए आपको कोई चीज खानी है तो स्प्राउट्स आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसे बनाने के लिए आपको बस अंकुरित मूंग, मेथी, चना और मूंगफली लेना है और फिर इसमें टमाटर व प्याज काटकर मिलाना है। इसके बाद ऊपर से काला नमक, हरी मिर्च और फिर हल्का सा नमक और मिला लें। फिर इस स्प्राउट्स सलाद को वेट लॉस के लिए खाएं।

**छाछ :** छाछ पीना वेट लॉस तेजी से मदद कर सकता है। छाछ में काला नमक मिलाकर पीना आपके मेटाबोलिज्म को तेज करता है और फिर फैट पचाने की गति को बढ़ावा देता है। इसके अलावा ये आपके बॉवेल मूवमेंट को भी तेज करता है और मल के साथ फैट के कणों को चिपकाकर बाहर निकालने में मदद करता है। इस प्रकार से छाछ का सेवन तेजी से वेट लॉस में मदद कर सकता है।

**पपीता चिया सीड्स शेक :** पपीता चिया सीड्स शेक का सेवन आपके पेट की मेटाबोलित गतिविधियों को तेज करता है और फिर आपके पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है।

पपीता जहां डाइजेस्टिव एंजाइम्स को बढ़ावा देता है वहीं चिया सीड्स आपकी पाचन गतिविधियों में तेजी लाता है। इस प्रकार से ये दोनों मिलकर आपको वेट लॉस में मदद करता है। तो, आप बिना समय लगाए वेट लॉस के लिए तेजी से इन फूड्स का सेवन कर सकते हैं।

# जीवन में बनना चाहते हैं कामयाब, आदतों में शामिल करें ये चीजें



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** लाइफ के हर एग्जाम में सफल होने के लिए एक खास स्ट्रेटेजी बनाना जरूरी होता है। अक्सर हम देखते है कि स्कूल में टॉप करने वाले स्टूडेंट्स ही अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी टॉप करते हैं। टॉपर बनने के लिए बस कुछ आदतों और लाइफस्टाइल को बदलना होता है। किसी भी फील्ड में कामियाब होने के लिए हमे अपने दिमाग, मन और दिल को मजबूत करना पढ़ता हैं। यहीं टॉपर्स की बात करें तो उसके लिए भी हमे अपने डेली शेड्यूल और पैशन को ध्यान में रखना जरूरी होता है। आज हम आपको ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप भी टॉपर्स में शामिल हो सकते हैं।

**अपने दिमाग को शांत रखें**

किसी नई चीज या दिन की शुरुआत करने के लिए दिमाग का शांत होना बहुत जरूरी होता है। अपने दिमाग को साफ करने, तनाव और चिंता कम करने और अपने ओवरआल मूड में सुधार करने में मदद मिल सकती है दिमाग को शांत रखना बेहद जरूरी है। यहां तक कि सिर्फ पांच मिनट की सांस लेने से आप कैसा महसूस करते हैं, इसमें बड़ा अंतर आ सकता है।

**सही शेड्यूल बनाएं**

किसी सफलता को पाने के लिए एक सही टाइम टेबल बनाएं।

कितनी देर पढ़ाई करनी है, कितनी देर रेस्ट करना है, कितनी देर कौन से सब्जेक्ट को देना है। ये सब तय करने के बाद वे दिन की शुरुआत करें, जिससे समय बिलकुल भी बर्बाद न हो सके। इससे हर दिन प्लानिंग के हिसाब से टारगेट भी पूरा होता है।

**स्ट्रेचिंग/योग करना जरूरी**

अच्छी लाइफस्टाइल के लिए सुबह के समय स्ट्रेचिंग या योगा करना आपके शरीर के लिए सबसे बेहतर होता है। स्ट्रेचिंग आपकी मांसपेशियों में तनाव और अकड़न को दूर करने में आपकी मदद कर सकती है, जबकि योगा आपको संतुलन और शक्ति में सुधार करने में मदद कर सकता है।

**सुबह का नाश्ता**

हल्दी रहने के लिए सुबह का नाश्ता बहुत जरूरी होता है। सुबह खाने से आपको अपने दिन की सही शुरुआत करने में मदद मिल सकती है। अपने भोजन में जल्दबाजी करने या चलते-फिरते खाने के बजाय, अपने भोजन का स्वाद लेने के लिए कुछ मिनट निकालें और खाने के अनुभव पर ध्यान केंद्रित करें।

**इरादा सटीक रखना**

अपने दिन के लिए एक इरादा निर्धारित करना आपके दिन को दिमाग से शुरू करने का एक शक्तिशाली तरीका है।

एक इरादा एक सरल कथन है जो इस बात का स्वर सेट करता है कि आप दुनिया में कैसे दिखना चाहते हैं। एक इरादा निर्धारित करने से आपको ध्यान केंद्रित रहने में मदद मिल सकती है।

# रात को जल्दी खाएं खाना, मिलेंगे ये पांच फायदे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** व्यस्ततम लाइफस्टाइल के कारण लोग अक्सर देर रात को खाना खाते हैं, इस वजह से वो कब्ज समेत कई गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। डॉक्टर अक्सर रात में सोने से दो-तीन घंटे पहले खाना खाने की सलाह देते हैं। स्वस्थ रहना चाहते हैं तो आपको सुबह का नाश्ता, लंच, डिनर समय पर करना चाहिए। अगर आप रोजाना जल्दी खाना खाते हैं तो इससे कई बड़े फायदे हो सकते हैं।

**अच्छी नींद**

रात में जल्द खाना खाने से शरीर में पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए पर्याप्त समय मिलता है। इससे अच्छी नींद आती है। डॉक्टर अक्सर



रात में सोने से दो-तीन घंटे पहले खाना खाने की सलाह देते हैं।

इससे हमारा पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहता है और शरीर के अंगों को भी अन्न पचाने में कसरत नहीं करनी पड़ती।

**वजन कंट्रोल**

रात में खाना जल्दी खाने से न सिर्फ आप खुद को फिट महसूस करेंगे, बल्कि इससे आपको वजन घटाने में भी मदद मिलेगी। कोशिश यह करें कि हल्का और फाइबर युक्त भोजन करें, इससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है और भूख भी कंट्रोल होती है और वजन भी।

**कब्ज की दिक्कत**

बदलती लाइफस्टाइल के कारण आजकल कब्ज की समस्या आम है। इससे शौच करने में कठिनाई होती है। रात का खाना जल्दी खाने से शरीर को भोजन पचाने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। इससे आप कब्ज की समस्या से राहत पा सकते हैं।

**दिल के लिए फायदेमंद**

जो लोग देर से खाना खाते हैं उनमें दिल की बीमारियों का खतरा अधिक होता है। अगर आप रात का खाना जल्दी खाते हैं और समय पर सोते हैं तो इससे हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है। रात के खाने में हमेशा हल्का खाना खाएं और मसालेदार खाना खाने से बचें।

**ब्लड शुगर कंट्रोल**

रात में जल्दी भोजन करने से भी ब्लड शुगर को नियंत्रित किया जा सकता है।

## सम्पादकीय

# बदइंतजामी से बढ़ीं चार धाम यात्रा में परेशानियां

चार धाम की इस यात्रा में बदइंतजामी के और भी कई कारण हैं। यात्रा मार्गों को समय पर दुरुस्त नहीं करना भी प्रशासन की बड़ी नाकामी है। अब गर्मी की छुट्टियां शुरू होने वाली हैं। ऐसे में चार धाम के लिए यात्रियों की आवक और बढ़ने वाली है। वाहनों की बेतरतीब पार्किंग भी संकट बढ़ाने वाली है। यह बात सही है कि धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को भी संबल देता है लेकिन यात्री सुविधाओं का भी ध्यान रखना होगा। उत्तराखंड में चार धाम यात्रा की शुरुआत के साथ ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ व यात्रा मार्ग में लगे जाम को देखते हुए प्रशासन ने दो दिन के लिए चार धाम यात्रा का ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद करते हुए श्रद्धालुओं से यह भी आग्रह किया है कि वे हालात सामान्य होने तक चार धाम के लिए अपने आगे की यात्रा को फिलहाल रोकें। चार धाम यात्रा में यात्रियों की परेशानियों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दो दिन से हजारों यात्री बीच में फंसे वाहनों में ही रात बिताने को मजबूर हैं। गंगोत्री–यमुनोत्री मार्ग पर वाहनों की रेलमपेल के कारण पुलिस ने कई जगह आवागमन को डाइवर्ट भी किया है। समूचे यात्रा मार्ग में यात्रियों के बीच में फंसे होने और सड़कों पर लगे जाम की जो तस्वीरें सामने आई हैं, वे चिंताजनक और डराने वाली हैं।



पवन गौतम
संपादक

चार धाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ कोई अचानक उमड़ी हो, ऐसी बात भी नहीं है। पिछले साल के मुकाबले तुलना करें तो इस यात्रा के पहले दो दिन में ही चालीस फीसदी से ज्यादा श्रद्धालु चार धाम यात्रा के लिए आए हैं। जाहिर है कि भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। असल में इस पर खास ध्यान ही नहीं दिया गया। चार धाम यात्रा के लिए जाने के इच्छुक श्रद्धालु जिस तरह से पंजीकरण करा रहे हैं, उससे भी लगता है कि इस बार पिछले सालों का रेकॉर्ड टूट सकता है। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में गांव–कस्बों की अपनी क्षमताएं हैं। यह बात सही है कि चार धाम यात्रा के दौरान स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं लेकिन यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं की वजह से परेशानियां झेलने को मजबूर होना पड़े तो उसमें प्रशासन की नाकामी ही झलकती है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना चाहिए। क्षमता से अधिक लोग वहां पहुंच रहे हैं, तो इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए। रही बात वाहनों के कारण बाधित होने वाले यातायात की, तो यह भी एक तथ्य है कि बड़ी संख्या में निजी साधनों से जाने वाले यात्रियों के कारण वाहनों की रेलमपेल बढ़ती है। सरकारी स्तर पर सार्वजनिक परिवहन का पुख्ता प्रबंध हो तो संकट कम हो सकता है। चार धाम की इस यात्रा में बदइंतजामी के और भी कई कारण हैं। यात्रा मार्गों को समय पर दुरुस्त नहीं करना भी प्रशासन की बड़ी नाकामी है।

अब गर्मी की छुट्टियां शुरू होने वाली हैं। ऐसे में चार धाम के लिए यात्रियों की आवक और बढ़ने वाली है। वाहनों की बेतरतीब पार्किंग भी संकट बढ़ाने वाली है। यह बात सही है कि धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को भी संबल देता है लेकिन यात्री सुविधाओं का भी ध्यान रखना होगा।

## नजरिया

# सुप्रीम कोर्ट से केंद्र को लगा जोर का झटका धीरे से

योगेंद्र योगी

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए किसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के सामने एक साफ–साफ लकीर खींच दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को इसका आधार लिखित तौर पर देना होगा।

देश की शीर्ष अदालत ने दो मामलों में केंद्र सरकार को जोर का झटका धीरे से देते हुए यह जाहिर कर दिया कि कानूनों की मनमानी व्याख्या अपनी सुविधा के हिसाब से नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के ईडी की गिरफ्तार करने की शक्तियों को सीमित करने के साथ ही दूसरे मामले में एक वरिष्ठ पत्रकार की गिरफ्तारी को अवैध करार देने से केंद्र को यह झटका लगा है। इन दोनों मामलों में दिए गए फैसलों से बेशक केंद्र की भाजपा सरकार को व्यापक राजनीतिक नुकसान नहीं हो किन्तु इसके दूरगामी परिणाम अवश्यंभावी होंगे। परिणाम यह होगा कि ईडी अब आसानी से किसी के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं कर सकेगी। इसी तरह पुलिस खिलाफ खबर पर किसी पत्रकार को भी आसानी से गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। ईडी की कार्रवाई में कितने कानूनी तथ्य हैं, यह देखने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अधिनस्थ अदालतों को रैफ्री की भूमिका दी है। गौरतलब है कि लंबे अर्से से विपक्षी दल केंद्रीय एजेंसियों पर भेदभाव के आरोप लगाती रहीं हैं। विपक्षी दलों का आरोप है केंद्र सरकार राजनीतिक रंजिश वश इन एजेंसियों को दुरुपयोग कर रही है। एक याचिकाकर्ता ने दिसंबर 2023 में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी।



याचिकाकर्ता का सवाल था कि अगर विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में व्यक्ति विशेष के आरोपों को संज्ञान में ले लिया है, तो क्या तब भी उसे बेल के लिए सेक्शन 45 की दोहरी शर्तों को पूरा करना होगा। इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद धन–शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत जमानत की कड़ी शर्तों को संतुष्ट करने की जरूरत नहीं है। अगर आरोपी समन द्वारा विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है, तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। अगर अदालती समन के चलते पेश होने के बाद ईडी आरोपी की हिरासत चाहती है, तो उसे विशेष अदालत में आवेदन देना होगा। अदालत केवल उन कारणों के साथ हिरासत देगी, जो संतोषजनक हो और जिनमें हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत हो। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। बेंच ने कहा है कि अगर किसी मामले में ईडी ने किसी आरोपी को गिरफ्तार किए बिना चार्जशीट दाखिल की और अदालत ने इस पर संज्ञान लेकर उसे समन किया तो ऐसे व्यक्ति को पीएमएलए के तहत जमानत के लिए दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है।

पीएमएलए को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान 2002–03 में लाया गया था। बाद में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान 1 जुलाई, 2005 को इसे लागू किया गया। उस वक्त इस कानून को ब्लैक मनी के फ्लो को रोकने के उद्देश्य से बनाया गया था। पीएमएलए कानून के तहत सबसे पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सीएम मधु कोडा के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बाद साल 2010 में 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोयला घोटाला समेत कई बड़े घोटालों में इस कानून के तहत कार्रवाई हुई। फिर साल 2012 में तत्कालीन वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इसमें संशोधन भी किया था। बीते कुछ सालों में इस एक्ट में और भी कई बदलाव किए गए हैं। ईडी की शक्तियां सीमित करने के साथ केंद्र सरकार को दूसरा झटका लगा न्यूज क्लिक के फाउंडर संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को लेकर। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद न्यूज क्लिक के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ को रिहा कर दिया गया। न्यूजक्लिक फाउंडर पुरकायस्थ को पोर्टल के माध्यम से राष्ट्र–विरोधी प्रचार को बढ़ावा देने के लिए कथित चीनी फंडिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुरकायस्थ के खिलाफ आरोप लगाया गया कि न्यूजक्लिक को चीन के पक्ष में प्रचार के लिए कथित तौर पर धन मिला था। देश की सबसे बड़ी अदालत ने यूएपीए मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को गलत माना। कोर्ट का यह फैसला अपने आप में एक नजीर है।

इसका असर आने वाले दिनों में दूसरे फैसलों पर भी दिख सकता है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए किसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के सामने एक साफ–साफ लकीर खींच दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को इसका आधार लिखित तौर पर देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 के तहत सबसे अटूट मौलिक अधिकार है। इसे भी किसी तरह नजरअंदाज या अनदेखा नहीं किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट की कही इस बात का स्पष्ट संदेश है कि हर नागरिक के लिए जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार की अपनी विशेष अहमियत है। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य कानून के तहत किसी भी शख्स की गिरफ्तारी से पहले अब पुलिस को पहले लिखित में ये बताना जरूरी होगा कि उसकी गिरफ्तारी किस आधार पर की जा रही है। इसके लिए लिखित में भी सूचित करना होगा। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ये भी साफ कर दिया है कि किसी भी इंसान के लिए कानूनी कार्रवाई एक जैसी होनी चाहिए और उसे किसी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी के ऐसे लिखित आधारों की एक कॉपी गिरफ्तार किए गए शख्स को बिना किसी अपवाद के जल्द से जल्द दी जानी चाहिए। कोर्ट की इस टिप्पणी से ये साफ हो गया कि गिरफ्तार शख्स को हर हाल में जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिखित आधारों की एक कॉपी मिलनी चाहिए, ताकि उसे अपने खिलाफ हो रही कार्रवाई की पूरी जानकारी हो। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई झिझक नहीं है कि लिखित रूप में गिरफ्तारी के लिए रिमांड कॉपी नहीं दी गई, जिसके चलते गिरफ्तारी अवैध है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने जो कहा उससे इस बात की रिमांड की कॉपी ना मिलने पर गिरफ्तारी को भी अवैध साबित किया जा सकता है। कोर्ट ने मौलिक अधिकार पर अतिक्रमण करने के किसी भी प्रयास को अस्वीकार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार, संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 द्वारा ऐसे मौलिक अधिकार का उल्लंघन करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटना होगा। कोर्ट की इस टिप्पणी से भी साफ हो रहा है कि अगर ऐसा होता है तो उसे इंसान के मौलिक अधिकार का हनन माना जाएगा। फैसला लिखते हुए, न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि पुरकायस्थ की गिरफ्तारी, उसके बाद पिछले साल 4 अक्टूबर का रिमांड आदेश और दिल्ली उच्च न्यायालय का 15 अक्टूबर का रिमांड को वैध करने का आदेश, कानून के विपरीत था और इसलिए इसे रद्द कर दिया गया। इस मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य अपराधों के आरोप में गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित रूप में सूचित किया जाना मौलिक और वैधानिक अधिकार है। किसी को भी ऐसे ही नहीं उठा सकते। सुप्रीम कोर्ट के इन दोनों आदेशों से स्पष्ट है कि पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां आंख बंद करके कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगी। न्यूज क्लिक के फाउंडर की गिरफ्तारी के अवैध करार देने से यह भी साफ हो गया है कि सरकार विरोधी खबरें लिखने–दिखाने पर राजनीतिक दल सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल दुर्भावनावश नहीं कर सकती। शीर्ष कोर्ट के इस फैसले से निश्चित तौर पर प्रेस की आजादी से एक बड़ा डर समाप्त हो गया है।

## विचार–विंडो

# अमेठी : यादगार होगी स्मृति ईरानी की जीत!

शिव शरण त्रिपाठी

कांग्रेस के रणनीतिकार भले ही अपनी रणनीति से संतुष्ट हो। भले ही गांधी परिवार अपनी साख बचाने की कोई भी दलील दे पर सच्चाई यही है कि राहुल गांधी ने अमेठी सीट से चुनाव लड़ना कतई उचित नहीं समझा।

कभी कांग्रेस की खानदानी सीट मानी जाने वाली अमेठी से 2019 में पहले भाजपा की स्मृति ईरानी से चुनाव हारना और अब 2024 में राहुल गांधी का पलायन करना निःसंदेह यह बताने को काफी है कि राहुल गांधी स्मृति ईरानी से टक्कर लेने का साहस नहीं दिखा सके। अलवक्ता कांग्रेस ने राहुल गांधी की बजाय अर्से तक गांधी परिवार के अमेठी, रायबरेली में चुनाव प्रबन्धक एवं वफादार सिपहसालार रहे किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारकर प्रत्यक्षः यह जताने की कोशिश की हैं कि गांधी परिवार अमेठी से अपने पुराने रिश्ते को बरकरार रखना चाहता है।

कांग्रेस के रणनीतिकारों को उम्मीद थी कि चूंकि राहुल गांधी पड़ोस की गांधी परिवार की खानदानी सीट रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं सो किशोरी लाल शर्मा को इसका लाभ मिलना तय है। यही नहीं चूंकि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन के तहत रायबरेली व अमेठी सीट कांग्रेस के खाते में गई अतएवं दोनो ही सीटों पर गठबंधन की प्रमुख भागीदार सपा के वोटों का लाभ मिलना तय है।

कांग्रेस के रणनीतिकार भले ही अपनी रणनीति से संतुष्ट हो। भले ही गांधी परिवार अपनी साख बचाने की कोई भी दलील दे पर सच्चाई यही है कि राहुल गांधी ने अमेठी सीट से चुनाव लड़ना कतई उचित नहीं समझा। उन्हें परिवार की 2019 में अपनी हारी खानदानी सीट अमेठी से मम्मी श्रीमती सोनिया गांधी की जीती रायबरेली कहीं ज्यादा सुरक्षित लगी। जहां तक अमेठी सीट पर स्मृति ईरानी के मुकाबले में किशोरी लाल शर्मा को मैदान में उतारने की बात है तो उनके उतारने से अमेठी में न तो कोई उत्साह की लहर है न तो उन्हे अमेठी हाथोहाथ लेने को तैयार है। समर्पित कांग्रेसजनों और पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के अलावा न तो कोई बड़ा कांग्रेसी नेता उनके पक्ष में दिखाई दे रहा है और न ही उन्हे गांधी परिवार से कोई विशेष तरजीह दी जा रही है। यदि ऐसा न होता तो श्री शर्मा के नामांकन के मौके पर प्रियंका गांधी अवश्य मौजूद रहती। जबकि वह पड़ोस में यानी रायबरेली में अपने भाई राहुल के नामांकन के अवसर पर जोश–ओ–खरोश के साथ उपस्थित थी। यह मान लिया जाये कि भाई के नाते प्रियंका की प्राथमिकता राहुल गांधी थे तो भी प्रियका के रॉबर्ट वाड्रा तो उपस्थित रह ही सकते थे। जहां तक इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल सपा व अन्य के कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन मिलने का सवाल है, हालात बता रहे हैं कि सपा समर्थक खासकर यादव समाज के लोगों का रूझान कांग्रेस प्रत्याशी की तुलना में भाजपा प्रत्याशी की ओर कहीं ज्यादा है।

जिस तरह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, स्मृति ईरानी के जुलूस से लेकर नामांकन पत्र दाखिल करने के मौके पर उपस्थित रहे और उन्होने पड़ोस के सुल्तानपुर में अपनी सुसराल बताकर अपने को यहां का दामाद बताकर अपना हक जताया। उससे भी यादव विरादरी का अधिकाधिक वोट श्रीमती ईरानी को मिलना ही मिलना है।

यहां यह भी कम गौरतलब नहीं है कि अमेठी के जिन दो सीटों पर सपा विधायकों का कब्जा है उनमें से एक गौरीगंज के सपा विधायक सपा से लगभग प्रत्यक्ष भी न भी सही अप्रत्यक्ष रूप से नाता तोड़ चुके हैं। उनका पूरा परिवार हाल ही में भाजपा में शामिल हो चुका है। ज्ञात रहे सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह गौरीगंज सीट से लगातार तीन बार चुनाव जीतकर एक रिकॉर्ड बना चुके हैं। उनका इस सीट के मतदाताओं पर काफी अच्छा प्रभाव माना जाता है। ऐसे में उनके समर्थकों का अधिकाधिक वोट कांग्रेस के श्री शर्मा की बजाय भाजपा की श्रीमती ईरानी को मिलना तय माना जा रहा है। सपा की दूसरी विधान सभा सीट अमेठी पर भी ऐसा ही नजारा दिखने को मिल रहा है। यहां से सपा विधायिका महाराजी देवी का बेटा और बेटी सहित पूरा कुनबा ही श्रीमती ईरानी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने में जुटा हुआ है। ज्ञातव्य है महाराजी देवी के पति गायत्री प्रजापति भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते एक अर्से से जेल में बंद है और उन्हे लगता है कि भाजपा की शरण में जाने से उनके पति व परिवार को राहत मिल सकती है।

महाराजी देवी प्रजापति ओबीसी से आती हैं और उनकी बिरादरी कुम्हारों के अलावा उनके खास समर्थक मानी जाने वाली जातियों मौर्य, नाई आदि का भी भरपूर समर्थन भाजपा प्रत्याशियों को मिलना तय माना जा रहा है।

जानकार सूत्रों का कहना है कि यहां पर यह भी कम काबिलेगौर नहीं है कि जब 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को सपा–बसपा गठबंधन का पूरा समर्थन प्राप्त था तब भी भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को ओबीसी के 70 फीसदी मतदाताओं का समर्थन हासिल हुआ था और कुर्मी तथा कौरी जाति का तो 80 फीसदी से अधिक समर्थन मिला था।

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में एक और महत्वपूर्ण बात यह बतायी जा रही है और वो है बसपा का सपा से अलग होकर स्वतंत्र चुनाव लड़ना। समझा जा रहा है कि ओबीसी जाति के रवि प्रकाश मौर्य भाजपा व कांग्रेस दोनों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि यह तथ्य भी सामने आ रहा है कि बसपा के चलते मुस्लिम व दलित वोटों में बंटवारा तय है। जिसका खामियाजा कांग्रेस को ही भुगतना पड़ेगा। राम मंदिर बनने के बाद से दलित परिवारों का ज्यादा से ज्यादा समर्थन भाजपा को मिलना सुनिश्चित है। जहां तक मुस्लिम मतों का सवाल है कुछ हद तक मुस्लिम महिलाओं का वोट भी भाजपा प्रत्याशी के खाते में जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्मृति ईरानी के समर्थन में अब तक दो–दो बार रैलिया करने से उदासीन मतदाताओं में जोश देखने को मिल रहा है। उपरोक्त तमाम तथ्यों, हालातों के अलावा स्मृति ईरानी का अमेठी के लोगों के बीच रहकर उनके सुख दुख में शामिल होना और क्षेत्र के उतरोत्तर विकास के लिये हर संभव प्रयास करना उनकी जीत को और पुख्ता बनाता है। अब तो यहां तक दावे किये जाने लगे हैं कि इस बार भाजपा प्रत्याशी स्मृति कम से कम दो लाख वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को पराजित करने में सफल होगी।

## सुविचार

जिसके इरादे साफ होते हैं। अक्सर रिश्तेदार उसके खिलाफ होते हैं।

## कल का पंचांग

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि त्रयोदशी | 03:59-05:39 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र चित्रा | 03:16-05:46 तक | माह | वैशाख |
| सूर्योदय | 05:32 AM | चंद्रोदय | 04:14 PM |
| सूर्यास्त | 18:59 PM | चंद्रास्त | 03:45 AM |
| सूर्य राशि | वृषभ राशि | चंद्र | तुला राशि |
| शुभ मुहूर्त अभिजीत | 11:48 AM-12:42 PM | ब्रह्म् मुहूर्त | 04:00-04:48 |
| त्योहार/व्रत | प्रदोष व्रत | विक्रम संवत् | 2081 |
| राहुकाल 07:13 से 08:54 तक | | वार | सोमवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# दान–पुण्य ही नहीं, पितृदोष से मुक्ति पाने के लिए लगाएं ये पौधे

**यूनिक समय, मथुरा।** भारत में व्रत, त्योहारों की तरह पितृपक्ष का भी विशेष महत्व है। इस दौरान लोग अपने पूर्वजों का पिंडदान, तपर्ण, श्राद्ध आदि कार्य करते हैं। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, इस दौरान कुछ पौधे लगाना भी शुभ होता है। मान्यता हैं कि इससे पितरों की आत्मा को शांति व उनका आशीर्वाद मिलता है। पितृदोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही घर में सुख–समृद्धि, खुशहाली, शांति का वास होता है। चलिए जानते हैं इन पौधों के बारे में...



**पीपल**

पीपल पौधे को पितर पक्ष में लगाना शुभ माना जाता है। कहा जाता है कि इस पौधे को पितर पक्ष में लगाने व इसकी देखभाल करने से ये सैकड़ों वर्षों तक वृक्ष बनकर लोगों को अपनी छाया जाता है।

इसमें भगवान विष्णु, अन्य देवी–देवताओं व पूर्वजों का वास माना जाता है। मान्यता है श्राद्ध की तिथि पर हमारे पितर घर आकर अन्न–जल ग्रहण करते हैं। फिर वापिस पीपल वृक्ष में लौट जाते हैं।

ऐसे में इस दौरान इस पौधे को लगाने से पितरों का आशीर्वाद मिलता है। इससे घर में सुख–समृद्धि, शांति व खुशहाली का वास होता है।

**बरगद**

किसी सार्वजनिक जगह पर बरगद का पौधा लगाना भी शुभ होता है। मान्यता है कि बरगद पेड़ को माता सीता का आशीर्वाद है। ऐसे में इसे लगाने से जीवन की सभी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

साथ ही पितृदोष से मुक्ति मिलती है। ऐसे में आप भी देवी–देवताओं व पूर्वजों का आशीर्वाद पाने के लिए इस पौधे को पितर पक्ष दौरान जरूर लगाएं। मान्यता है कि रोजाना बरगद पौधे पर जल चढ़ाने से यह सीधा पितरों तक पहुंचता है। इससे वे तृप्त हो जाते हैं।

**शमी**

ज्योतिषशास्त्र अनुसार, शमी का पौधा भी बेहद शुभ होता है। इससे लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जीवन की समस्या दूर होकर पितृदोष से मुक्ति मिलती है।

मान्यता है कि इस पौधे को पितर पक्ष के दौरान लगाने से पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है। इसके साथ ही न्याय के देवता शनिदेव की असीम कृपा मिलती है। ऐसे में जीवन सुख–समृद्धि व खुशियों से बीतता है।

**तुलसी**

तुलसी का पौधा घर पर लगाना बेहद ही शुभ माना जाता है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मान्यता है कि इससे घर में सुख–समृद्धि, खुशहाली व शांति का वास होता है। साथ ही इस पितृपक्ष पर घर या किसी धार्मिक जगह पर लगाने से पितरों का आशीर्वाद मिलता है।

**ये पौधों को लगाने से भी पितरों का मिलेगा आशीर्वाद**

बेल, आम, कुशा, चिचड़ा, खैर, मदार, पलाश, जामुन के पौधे भी बेहद शुभ माना जाता है। ऐसे में आप पितरों का आशीर्वाद पाने के लिए इन पौधों को भी लगा सकते हैं। इन्हें लगाने के बाद रोजाना इसे पानी देकर पौधों की देखभाल करें। ध्यान रखें कि ये पौधे सूखने ना पाएं।

# इन मंत्रों का जाप करने से दूर हो सकती हैं आपकी परेशानियां



**यूनिक समय, मथुरा।** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वैशाख मास में कुछ विशेष उपाय करने से त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु और महादेव तीनों को प्रसन्न किया जा सकता है। ज्योतिषाचार्य पं. अजय कुमार तैलंग के अनुसार, इस महीने में मंत्र जाप से भी शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। ये सभी मंत्र भगवान विष्णु के हैं और राशि अनुसार हैं। यानी एक राशि का एक खास मंत्र है। वैशाख मास में रोज इनका विधि–विधान से जाप करना चाहिए। ये मंत्र इस प्रकार हैं....

**ये हैं राशि अनुसार मंत्र**

**मेष राशि–** ॐ ह्रीं श्रीं श्रीलक्ष्मीनारायणाय नमः।

वृष राशि– ॐ गोपालाय उत्तरध्वजाय नमः।

**मिथुन राशि–** ॐ क्लीं कृष्णान नमः।

**कर्क राशि–** ॐ ह्रीं हिरण्यगर्भाय अव्यक्तरूपिणे नमः।

**सिंह राशि–** ॐ क्लीं ब्राह्मणे जगदाधाराय नमः।

**कन्या राशि–** ॐ पीं पिताम्बराय नमः।

**तुला राशि–** ॐ तत्वनिरंजनाय तारक रामाय नमः।

**वृश्चिक राशि–** ॐ नारायणाय सूरसिंहाय नमः।

**धनु राशि–** ॐ श्रीं देवकृष्णाय उर्ध्वजाय नमः।

**मकर राशि–** ॐ श्रीं वत्सलाय नमः।

**कुंभ राशि–** ॐ श्रीं उपेन्द्राय अच्युताय नमः।

**मीन राशि–** ॐ क्लीं उद्धताय उद्धारिणे नमः।

**इस विधि से करें मंत्र जाप**

वैशाख मास में रोज सुबह स्नान आदि करने के बाद भगवान विष्णु की विधि–विधान से पूजा करें और तुलसी की माला से राशि अनुसार मंत्रों का जाप करें।

कम से कम 5 माला जाप अवश्य करें। मंत्र जाप का स्थान, समय और आसन निश्चित हो तो और भी जल्दी शुभ फल मिलने लगते हैं।

**इस महीने में नदी स्नान का विशेष महत्व**

स्कंद पुराण में वैशाख स्नान का विशेष महत्व बताया गया है। उसके अनुसार, इस महीने में जो व्यक्ति गंगा आदि पवित्र नदियों में सूर्योदय से पहले स्नान करके भगवान विष्णु के नाम का स्मरण करता है, उसकी सभी परेशानियां दूर हो सकती हैं और वह श्रीहरि का प्रिय बन जाता है।

ऐसा व्यक्ति सभी सुख का भोग करता है। इस महीने में जल दान का भी महत्व बताया गया है।

# आर्थिक तंगी : रोजाना सुबह उठते ही मुख्य द्वार पर करें ये काम

**यूनिक समय, मथुरा।** किसी भी घर में उसका प्रवेश द्वार सबसे अहम माना जाता है। मान्यता है इसी प्रवेश द्वार के जरिए घर में सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश करती है। कहा जाता है कि अगर आप अपने घर को नकारात्मक शक्तियों से मुक्त रखना चाहते हैं तो उसके मुख्य द्वार को वास्तु दोष से मुक्त रखें। मुख्य द्वार का वास्तु सही कर देने से उसमें अवांछित शक्तियां प्रवेश नहीं कर पाती और परिवार पर मां लक्ष्मी की कृपा दृष्टि बनी रहती है। आज हम आपको कुछ ऐसे काम बताने जा रहे हैं, जिन्हें करने से घर पर भगवान की हमेशा कृपा बनी रहती हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आपके पास सुबह समय होता है तो मुख्य द्वार के दोनों ओर आटे से रंगोली बनाएं। रोजाना समय न हों तो हफ्ते में एकाध बार भी रंगोली बना सकते हैं। ऐसा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और परिवार पर उनकी कृपा बरसती है।

वास्तु के मुताबिक सुबह उठकर सबसे पहले भगवान को नमन करना चाहिए। उसके बाद मुख्य द्वार की देहरी को पानी से धोना चाहिए। आप चाहे तो इसमें थोड़ी सी हल्दी डाल सकते हैं। ऐसा करने से परिवार की आर्थिक तंगी दूर होती है और परिवार में कभी भी पैसों की कमी नहीं रहती।

घर में खुशहाली लाने के लिए उसके मुख्य द्वार पर ओम, श्री गणेश या मां लक्ष्मी के चरण चिन्ह और शुभ लाभ का प्रतीक चिन्ह लगाने चाहिए। ऐसा करने से घर में हर समय सकारात्मक शक्तियों का वास रहता है और नकारात्मक शक्तियां घर में नहीं घुस पातीं। सुबह उठने के बाद इन प्रतीक चिन्हों के पास जाकर उन्हें प्रमाण जरूर करें। वास्तु के अनुसार घर के मुख्य द्वार पर तोरण लगाना शुभ माना जाता है। यह तोरण आम, पीपल या फिर अशोक के पत्तों से बनता है। यह तोरण द्वार घर में खुशहाली लाता है और परिवार में सुख–समृद्धि बढ़ती है। रोजाना नहाने के बाद घर के मुख्य द्वार पर स्वास्तिक का निशान लगाएं। ऐसा करने से परिवार के लोगों से बीमारी दूर रहती है। साथ ही आर्थिक तंगी से भी निजात मिलती है। इससे परिवार में खुशहाली आती है।

### भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए विष्णु जी ने नरसिंह अवतार किया था धारण

# शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाएगी नरसिंह जयंती

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भगवान नरसिंह को विष्णु जी का रौद्र अवतार माना जाता है। भगवान विष्णु के दस अवतारों में ये चौथे अवतार हैं। नरसिंह भगवान का मुंह सिंह का जबकि शरीर मनुष्य का है। अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए विष्णु जी ने यह अवतार धारण लिया था। हर साल वैशाख मास में नरसिंह जयंती आती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि साल 2024 में नरसिंह जयंती कब है, इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त कब से कब तक रहेगा।



हिंदू पंचाग के अनुसार, हर साल वैशाख माह में शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को नरसिंह जयंती मनाई जाती है। साल 2024 में यह तिथि 21 मई को है। चतुर्दशी तिथि का आरंभ 21 मई की शाम को 5 बजकर 40 मिनट से होगा और 22 मई शाम 6 बजकर 44 मिनट तक यह तिथि व्याप्त रहेगी। भगवान नरसिंह की पूजा शाम के समय किये जाने का विधान है, इसलिए नरसिंह जयंती 21 मई को ही मनाई जाएगी। भगवान नरसिंह की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त 21 मई को 5 बजकर 45 मिनट से 7 बजकर 10 मिनट तक रहेगा। इस दौरान नरसिंह भगवान की आराधना करने से आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी। आइए अब जान लेते हैं कि नरसिंह जयंती के दिन आपको पूजा किस तरह से करनी चाहिए।

नरसिंह भगवान की पूजा शाम के समय करने का विधान है। नरसिंह जयंती के दिन आपको सुबह तो स्नान–ध्यान करना ही चाहिए, लेकिन शाम के समय पूजा से पहले भी स्वच्छ होना चाहिए।

इसके बाद पूजा स्थल पर भगवान नरसिंह की प्रतिमा या तस्वीर आपको स्थापित करनी चाहिए। प्रतिमा स्थापित करने के बाद पंचामृत से भगवान का अभिषेक करना चाहिए और चंदन का तिलक लगाना चाहिए। इस दिन संभव हो तो देशी घी का दीपक भगवान के सामने जलाएं। इसके बाद नीचे दिए गए मंत्रों का जप करें।

**ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्। नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्यु मृत्युं नमाम्यहम्।।**

**ॐ नृम नरसिंहाय शत्रुबल विदीर्नाय नम:।।**

**"ॐ नृम मलोल नरसिंहाय पूरय–पूरय"**

इन मंत्रों का यथासंभव जप करने के बाद पूजा के अंत में आपको नरसिंह भगवान की आरती करनी चाहिए। अगर व्रत रखने वाले हैं तो, व्रत का पारण अगली तिथि को किया जाना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि नरसिंह भगवान की पूजा आराधना करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

नरसिंह जयंती को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। इस दिन प्रहलाद के भक्ति भाव से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लिया था और हिरण्यकश्यप का वध किया था। नरसिंह जयंती के दिन व्रत रखने और भगवान नरसिंह की पूजा करने से घर में सुख–समृद्धि आती है और साथ ही ग्रह–दोष से भी आप मुक्त होते हैं। नरसिंह भगवान के आशीर्वाद से भक्त विपरीत परिस्थितियों में भी, अच्छे परिणाम पा सकते हैं। विष्णु भगवान के नरसिंह अवतार की पूजा करने से आपके तेज और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है।

UNICOM ADVERTISING
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS IN JUST 3 Easy Steps
CALL +91 9837115157
E-MAIL Send Advertisement Details to: informunicom@gmail.com
PAY Online through- PAYTM

## सार संक्षेप

### स्वाति मालीवाल केस की जांच आगे बढ़ी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की टीम सीएम हाउस पहुंची है। एसएचओ सिविल लाइन के साथ-साथ पूरे केस को लीड करने वाली एडिशनल डीसीपी नॉर्थ अंजिथ्या पहुंची हैं। विभव कुमार अभी साथ में नहीं है। उम्मीद की जा रही है कि विभव को भी साथ लाया जाएगा। दिल्ली पुलिस अपने साथ एविडेंस बॉक्स लेकर आई है। एक लैपटॉप और प्रिंटर भी लेकर आई है। घटनाक्रम से जुड़े डीवीआर और कुछ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर दिल्ली पुलिस सीएम हाउस से निकली है।

### छत्तीसगढ़ में एक्सप्रेस ट्रेन के ऊपर खंभा गिरा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में उरकुरा रेलवे स्टेशन के पास बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। बिलासपुर से आई शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच के ऊपर खंभा गिर गया। इससे एसी कोच के कई कांच टूट गए। कई लोगों को चोट भी लगने की सूचना है। ट्रेन को उरकुरा रेलवे स्टेशन पर रोका गया। एक बच्चे समेत 3 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। आरएसपी, आरपीएफ समेत रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हादसे की जांच की।

### आंध्र प्रदेश में बस हादसा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश में आज एक बस हादसा हुआ है। नेल्लोर में आरटीसी बस लॉरी से टकराई है। हादसे में 2 लोगों की मौत होने की खबर है। अन्य पैसेंजर घायल हुए हैं। पुलिस और बचाव दल की टीमें मौके पर मौजूद हैं। बचाव अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक ज्यादा जान माल के नुकसान की खबर नहीं है।

### तिरुपति में बस में आग लगी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तिरुपति आंध्र प्रदेश में बीती रात प्राइवेट बस में भीषण आग लग गई। हादसा तिरुपति-रेनिगुंटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। बस तिरुपति से श्रीकालहस्ती जा रही थी कि अचानक आग लग गई। समय रहते सभी यात्रियों को बाहर निकाल लिया गया और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### सांबा-कठुआ में सर्च ऑपरेशन जारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के सांबा और कठुआ में संदिग्ध देखे जाने के बाद सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन जारी है। कठुआ और सांबा दोनों जिलो में भारतीय सेना, इरा, जम्मू कश्मीर पुलिस, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं और मिलकर इलाकों में तलाशी अभियान चला रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

## केरल में 31 मई को आएगा मानसून

# यूपी में 22 जून तक आ सकता है मानसून



### अबकी बार सीजन में होगी जोरदार बारिश

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** यूपी की करोड़ों की आबादी इस समय भीषण गर्मी, लू के थपेड़ों और सूरज की तपिश को सह रही है। हर किसी को अब बस इंतजार है तो मानसून की बारिश का। वैसे हर साल उप्र में मानसून में बारिश औसत ही दर्ज होती है, पर इस साल मानसून को लेकर मौसम वैज्ञानिकों के पास से एक अच्छी खबर आई है।

उप्र में इस साल मानसून में अच्छी बारिश होगी। यानी, गर्मी छूमंतर हो जाएगी और मानसून में बदरा उप्र को जमकर भिगोएंगे। कानपुर शहर के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए) के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एसएन सुनील पांडेय ने इस मामले पर विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में अंडमान निकोबार में बारिश शुरू हो चुकी है। इसके अलावा बंगाल की खाड़ी से हवाएं यूपी की ओर आने लगी हैं। यह दोनों मानसून में जोरदार बारिश के ठोस और प्रभावी संकेत हैं। केरल में जहां भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक 31 मई से ही मानसून आ जाएगा तो वहीं, यूपी में इस बार 28-29 जून (जो कमोबेश हर साल की स्थिति होती है) के स्थान पर 22 जून तक मानसून आ सकता है। सीएसए विवि के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ.एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि यूपी में इस साल मानसून के दौरान बारिश अच्छी होगी। लेकिन, पॉकेट्स में होने के चलते कुछ दिक्कतें भी हो सकती हैं।

बानगी के तौर पर बताया कि एक दिन में ही 60-70 मिमी बारिश हुई तो उचित नहीं है। वहीं, अगर लगातार 7 दिन तक 20-20 मिमी बारिश हो जाती है, तो यह किसानों से लेकर आमजन के लिए मुफीद स्थिति मानी जाती है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि यूपी में एक जून से लेकर 30 सितंबर तक जो बारिश होती है, वह मानसूनी सीजन की बारिश मानी जाती है। जबकि एक जून से पहले मई में जो बारिश होती है, उसे प्री-मानसून की बारिश कहा जाता है। इसमें आंधी-तूफान व मेघगर्जना की संभावना सबसे अधिक होती है। देश में जब मानसून आता है तो सबसे ज्यादा खुशी किसान को होती है।

अच्छी बारिश होने पर किसान के साथ आमजन को भी राहत होती है। साथ ही देश की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ता है। किसानों को अच्छी बारिश से फसल अच्छी होने की उम्मीद होती है। जिससे उनको अच्छे दाम मिलते हैं। फसल अच्छी होने से आमजन को चीजें सस्ती मिलने लगती हैं। क्योंकि, बाजार में सामान की बहुतायत होती है, इससे उसके रेट कम होते हैं। यानी कि आमजन को महंगाई की मार नहीं झेलनी पड़ती है।

## पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी ने कहा

# नई सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचारियों की जिंदगी जेल में गुजरेगी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरुलिया में एक रैली को संबोधित करते हुए, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की टिप्पणियों की रविवार को निंदा की।



प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अपने वोट बैंक के तुष्टीकरण को लेकर इन सामाजिक-धार्मिक संगठनों को धमका रही हैं। पीएम मोदी ने पुरुलिया में रोड-शो भी किया। पीएम मोदी ने टीएमसी समेत भ्रष्ट इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह मोदी की गारंटी है कि किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा।

उन्होंने कहा कि चार जून को नई सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचारियों की जिंदगी जेल में गुजरेगी। मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई तेज की जाएगी।

उन्होंने कहा कि टीएमसी शालीनता की हदें लांघते हुए इतनी नीचे गिर गई है कि उसने अपनी हद पार कर दी है। इतना ही नहीं वह इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ अफवाह फैला रही है।

पीएम ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री उन्हें धमकी दे रही हैं। वह सिर्फ अपने वोट बैंक को खुश करने के मद्देनजर उन्हें धमकी दे रहे हैं। बता दें कि ममता बनर्जी ने आरामबाग लोकसभा क्षेत्र के गोघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया था कि रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के कुछ संत दिल्ली में भाजपा नेताओं के प्रभाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि जो लोग मंदिरों की देखभाल कर रहे हैं, वे महान आध्यात्मिक कार्य कर रहे हैं, लेकिन हर कोई ऐसा नहीं कर रहा। साथ ही उन्होंने कहा था कि हम संतों का सम्मान करते हैं।

## दुबई से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा युवक लापता

**यूनिक समय, लखनऊ।** दुबई से करीब सप्ताह भर पहले लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा एक व्यक्ति लापता हो गया। परिजनों ने सरोजनीनगर थाने की एयरपोर्ट चौकी में पहुंचकर तहरीर दी है। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने उन्हें आश्वासन देकर घर भेज दिया। पुलिस ने गुमशुदगी तक दर्ज नहीं की। सोशल मीडिया पर मामला सामने आने के बाद सरोजिनी नगर पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस युवक की तलाश कर रही है। देवरिया जिले के सलेमपुर इलाके की रामपुर बुजुर्ग निवासी रंजन देवी के मुताबिक उनके पति जितेंद्र चौहान और देवर कामेश चौहान दुबई में मजदूरी करते हैं। 11 मई को कामेश दुबई से दोपहर 1:25 बजे चलकर लखनऊ आने वाली फ्लाइट (एफजेड 443) से शाम करीब 6:25 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा। घर पहुंचने के बजाय वह लखनऊ एयरपोर्ट से ही कहीं गायब हो गया। महिला का कहना है कि अगले दिन 12 मई को जब वह अपने देवर की तलाश के लिए थाना सलेमपुर गई तो वहां उसे लखनऊ एयरपोर्ट से संबंधित थाने पर जाने को कहा गया। इसके बाद परिजन लखनऊ पहुंचे।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों में पूर्व भाजपा सरपंच की हत्या



### घटना में दंपत्ति घायल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में दो अलग-अलग आतंकवादी हमलों में पूर्व भाजपा सरपंच की हत्या कर दी गई जबकि जयपुर का एक दंपती घायल हो गया। सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान चलाया।

**अनंतनाग:** जम्मू-कश्मीर के शोपियां और अनंतनाग जिलों में शनिवार देर रात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी की दो अलग-अलग घटनाओं में एक पूर्व भाजपा सरपंच की हत्या कर दी गई और जयपुर का एक दंपती घायल हो गया। कश्मीर जोन पुलिस के अनुसार मृतक पूर्व सरपंच की पहचान ऐजाज अहमद के रूप में हुई है।

लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण के मतदान से पहले इस आतंकी हमले के बाद लोगों में गुस्सा है। लोग आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हालात को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि शोपियां जिले के हीरपोरा में आतंकवादियों ने ऐजाज अहमद शेख पर गोलीबारी की।

उन्होंने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर दी गई। हमले के बाद तुरंत उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। कश्मीर जोन के आईजीपी ने कहा, 'दक्षिण कश्मीर के शोपियां के हीरपोरा में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में घायल हुए भाजपा नेता और पूर्व सरपंच ऐजाज अहमद शेख की मौत हो गई।' दूसरी घटना में दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के यान्नार इलाके में राजस्थान के जयपुर के एक दंपती घायल हो गया।

आतंकवादियों ने अनंतनाग के यान्नार में जयपुर निवासी फरहा नामक महिला और उसके पति तबरेज पर गोलीबारी कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि घायलों को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

सूत्रों के अनुसार घायल दंपती की हालत स्थिर है। हालात को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस सभी संदिग्धों की सघन तलाशी ले रही है।

**पूर्व सरपंच सुपुर्द-ए-खाक:** भाजपा नेता और पूर्व सरपंच ऐजाज अहमद शेख का शोपियां में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए। कल हीरपोरा, शोपियां में आतंकवादियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# ताजमहल के पास मस्जिद में युवती की हत्या

### अर्धनग्न शव मिला, पत्थर से कुचला गया चेहरा

**यूनिक समय, आगरा।** ताजमहल पूर्वी गेट के पास मस्जिद परिसर में रविवार दोपहर एक युवती की हत्या कर दी गई। जब दोपहर करीब पौने तीन बजे नमाजी मस्जिद में पहुंचे तो युवती का अर्धनग्न शव पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। आशंका है कि रेप के बाद युवती की हत्या की गई है। युवती की पहचान छिपाने के लिए उसके चेहरे पर किसी भारी वस्तु से प्रहार किए गए हैं।

थाना ताजगंज क्षेत्र में ताजमहल के पीछे नगला पैमा मार्ग पर मस्जिद है। रविवार दोपहर करीब पौने तीन बजे नमाजी मस्जिद में पहुंचे तो देखा कि परिसर में युवती का अर्धनग्न शव पडा है। युवती के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। आशंका है कि युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। पुलिस को यह भी आशंका है कि आरोपी परिचित रहे होंगे। वे ही युवती को लेकर यहां आए होंगे।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि युवती की पहचान नहीं हुई है। उसकी उम्र 25 से 26 साल की लग रही है। युवती सफेद सलवार और चेकदार कमीज पहने हुए है। उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। मौके से फॉरेंसिक टीम ने मौके से तमाम सबूत जुटाए हैं। इसके साथ ही हत्यारोपी की तलाश में पुलिस टीम लगा दी हैं। हत्यारोपी की तलाश और पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। युवती के पास ऐसे कोई दस्तावेज भी नहीं मिले हैं, जिससे उसकी पहचान हो सके। छानबीन के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं। वहीं ताजमहल के पास मस्जिद में युवती की हत्या से सनसनी फैल गई है।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmailÜcom website : uniquesamayUcom सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053